# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2022/10418 दिनांक : 20-5-22

## –:: संशोधित अधिसूचना ::–

अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त जिलों के महाविद्यालयों में सत्र 2021–2022 की मार्च–अप्रैल, 2022 की वार्षिक पद्धति नई शिक्षा नीति के साथ बी.ए./बी.कॉम./बी.कॉम(ऑनर्स)/बी.एससी./बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.एच.एससी. प्रथम वर्ष महाविद्यालयों में नियमित छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है :–

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र**

"दिनांक 31 मई 2022 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 1जून से 02 जून 2022 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 3 जून 2022 से 04 जून, 2022 तक"

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/– के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि –**

'दिनांक 05 जून 2022 से परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक"

**नोट :– नवीन परीक्षा पद्धति के अनुसार आवेदन पत्र भरवाए जाने की प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी।**

(01) उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करने के पूर्व यदि छात्र के इलेक्ट्रिव विषय सही नहीं भरे गये है तो महाविद्यालय अपने स्तर पर सुधार कर ही छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करना सुनिश्चित करें।

(02) छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करने हेतु प्रत्येक छात्र के पृथक–पृथक एप्लीकेशन आईडी से परीक्षा फार्म अप्रूवल करने के पूर्व महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें की छात्र/छात्रा का इलेक्टिव विषय सहीं प्रदर्शित हो रहे है यह परीक्षण करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करना सुनिश्चित करें।

03) छात्र/छात्राओं के विषय परीक्षण पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करें, यदि छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र गलत/त्रुटीपूर्ण भरा जाता है तो उसमें संशोधन नहीं किया जा सकेगा। अतः पूर्ण सावधानी पूर्वक परीक्षण के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करें।

04) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

05) प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/– प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रू. 10/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

**06)** विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्ष आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/- तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क 75/- संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगें।

**07)** परीक्षार्थी एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत कियोस्क सेंन्टरों में जमा करेगें।

**08)** संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजने समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

**09)** आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात **तीन (03) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/- (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

**10)** समस्त महाविद्यालय विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्बद्धता/निरंतरता प्रमाण-पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें इसके अभाव में परीक्षा आवेदनपत्र स्वीकार्य नहीं किये जावेगें।

**आदेशानुसार**

**परीक्षा नियंत्रक**

**क्रमांक/परीक्षा/2022/10419** **दिनांक 20-5-22**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –**

01. निदेशक/विभागाध्यक्ष संबंधित संस्थान/ उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन हैं कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/अध्ययनशाला के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .......... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**